| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 26.7.22 | 9 | 1-5 |

### विश्व में कृषि विज्ञान में अग्रणी विश्वविद्यालयों में है शुमार

# हकृवि के वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हकृवि के विश्व प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों में एक और नाम जुड़ गया है। इस विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ छात्र वत्सल अरोड़ा व अन्य।

**विज्ञान की समृद्ध परंपरा को मिल रहा बढ़ावा : कुलपति**

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने वत्सल अरोड़ा को बधाई देते हुए कहा कि हकृवि में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा है। इसी के परिणामस्वरूप यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले के अवसर मिलते हैं अपितु यहां के अनेक विद्यार्थी विदेशों में रोजगार प्राप्त कर अपनी योग्यता व दक्षता सिद्ध कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया गत तीन माह में उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वालों में वत्सल अरोड़ा 6वें विद्यार्थी हैं।

**वत्सल सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी रहा आगे**

करनाल के रहने वाले वत्सल भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में उपविजेता का पुरस्कार जीतकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं और अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ परिचर्चा प्रतिभागी भी घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने कई इंटर-यूनिवर्सिटी फेस्ट में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। वत्सल ने आईईएलटीएस परीक्षा में आठ बैंड और जीआरई परीक्षा में 319 अंक प्राप्त किए हैं जिससे उपरोक्त विश्वविद्यालयों में उनकी उम्मीदवारी और भी मजबूत हुई है। वत्सल विश्व के बेहतरीन विश्वविद्यालय में अनुभव हासिल करके भारत में शिक्षक बनने की इच्छा रखते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा, एसोसिएट डीन डॉ. एसएल सिवाच, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26.7.22 | 6 | 4-7 |


# हकृवि के छात्र वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में चयन

हिसार, 25 जुलाई (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विश्व प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों में एक और नाम जुड़ गया है। इस विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र वत्सल अरोड़ा व अन्य अधिकारी।

**विज्ञान की समृद्ध परंपरा को मिल रहा बढ़ावा: कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज**

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने वत्सल अरोड़ा की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा है। इसी के परिणामस्वरूप यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिलें के अवसर मिलते हैं अपितु यहां के अनेक विद्यार्थी विदेशों में रोजगार प्राप्त कर अपनी योग्यता व दक्षता सिद्ध कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा अपने उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों के कारण आज यह विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। इसलिए हर साल अनेक विदेशी विद्यार्थी शिक्षा के लिए यहां आ रहे हैं। उन्होंने बताया गत तीन माह में उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वालों में वत्सल अरोड़ा 8वें विद्यार्थी हैं।

**वत्सल सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी रहा आगे**

करनाल के रहने वाले वत्सल भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में उपविजेता का पुरस्कार जीतकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं और अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ परिचर्चा प्रतिभागी भी घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने कई इंटर-यूनिवर्सिटी फेस्ट में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। वत्सल ने आईईएलटीएस परीक्षा में आठ बैंड और जी.आर.ई. परीक्षा में 319 अंक प्राप्त किए हैं जिससे उपरोक्त विश्वविद्यालयों में उनकी उम्मीदवारी और भी मजबूत हुई है। वत्सल विश्व के बेहतरीन विश्वविद्यालय में अनुभव हासिल करके भारत में शिक्षक बनने की इच्छा रखते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा, एसोसिएट डीन डॉ. एम.एल. खिचड़, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26.7.22 | 4 | 1-2 |



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र वत्सल अरोड़ा व अन्य अधिकारी।

## हकृवि छात्र वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में हुआ चयन

हिसार, 25 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एससी. (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सैंटर में दाखिला मिला है। वहां वे 2 साल पादप विज्ञान में एम.एससी. डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे।

उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है, लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि गत 3 माह में उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वालों में वत्सल अरोड़ा 8वें विद्यार्थी हैं। करनाल के रहने वाले वत्सल भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में उपविजेता का पुरस्कार जीतकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं और अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ परिचर्चा प्रतिभागी भी घोषित किए जा चुके हैं।

उन्होंने कई इंटर-यूनिवर्सिटी फैस्ट में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। वत्सल ने आई.ई.एल.टी.एस. परीक्षा में 8 बैंड और जी.आर.ई. परीक्षा में 319 अंक प्राप्त किए हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 26.7.22 | 2 | 5-6 |

## वत्सल का नीदरलैंड की विवि में चयन



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र वत्सल अरोड़ा व अन्य अधिकारी • विज्ञप्ति।

**जागरण संवाददाता, हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विश्व प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों में एक और नाम जुड़ गया है। विवि के बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे।

### विज्ञान की समृद्ध परंपरा को मिल रहा बढ़ावा : कुलपति

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने वत्सल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि विवि में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा है। इसी के परिणामस्वरूप यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेशी विवि में दाखिले मिल रहे है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 26.7.22 | 2 | 5-6 |



हिसार। एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र वत्सल अरोड़ा व अन्य अधिकारी।

## वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में हुआ चयन

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विश्व प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों में एक और नाम जुड़ गया है। एचएयू के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि और स्टॉकहोम में दाखिले के लिए स्वीकृति मिली है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 26.7.22 | 2 | 5-7 |

## एचएयू के वत्सल नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में करेंगे पढ़ाई और शोध


वीसी प्रो. काम्बोज के साथ छात्र वत्सल व अन्य अधिकारी। संवाद

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए पढ़ाई व शोध करेंगे। वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विवि और स्टॉकहोम विवि में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है, लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने वत्सल अरोड़ा की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। पिछले तीन माह में उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वालों में वत्सल 8वें विद्यार्थी हैं। इस अवसर पर डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. सुरेंद्र पाहुजा, डॉ. एमएल खीचड़ आदि मौजूद रहे। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 25.07.2022 | — | — |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में हुआ चयन

**विश्व में कृषि विज्ञान में अग्रणी विश्वविद्यालयों में है शुमार**



**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विश्व प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों में एक और नाम जुड़ गया है। इस विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने वत्सल अरोड़ा की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा है। इसी के परिणामस्वरूप यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिलें के अवसर मिलते हैं अपितु यहां के अनेक विद्यार्थी विदेशों में रोजगार प्राप्त कर अपनी योग्यता व दक्षता सिद्ध कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा अपने उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों के कारण आज यह विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। इसलिए हर साल अनेक विदेशी विद्यार्थी शिक्षा के लिए यहां आ रहे हैं। उन्होंने बताया गत तीन माह में उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वालों में वत्सल अरोड़ा 8वें विद्यार्थी हैं।

**वत्सल सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी रहा आगे :** करनाल के रहने वाले वत्सल भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में उपविजेता का पुरस्कार जीतकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं और अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ परिचर्चा प्रतिभागी भी घोषित किए जा चुके हैं। वत्सल ने आईईएलटीएस परीक्षा में आठ बैंड और जी.आर.ई. परीक्षा में 319 अंक प्राप्त किए हैं जिससे उपरोक्त विश्वविद्यालयों में उनकी उम्मीदवारी और भी मजबूत हुई है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा, एसोसिएट डीन डॉ. एम.एल. खिचड़, मीडिया एडवाइज़र डॉ. संदीप आर्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 25.07.2022 | — | — |

## हकृवि के वत्सल अरोड़ा शोध के लिए जाएंगे नीदरलैंड



हिसार/ 25 जुलाई/ रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेनहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने वत्सल अरोड़ा की इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा है। इसी के परिणामस्वरूप यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले के अवसर मिलते हैं अपितु यहां के अनेक विद्यार्थी विदेशों में रोजगार प्राप्त कर अपनी योग्यता व दक्षता सिद्ध कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। करनाल के रहने वाले वत्सल भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में उपविजेता का पुरस्कार जीतकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं और अंतर्राष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ परिचर्चा प्रतिभागी भी घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने कई इंटर-यूनिवर्सिटी फेस्ट में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। वत्सल ने आईईएलटीएस परीक्षा में आठ बैंड और जीआरई परीक्षा में 319 अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा, एसोसिएट डीन डॉ. एमएल खिचड़, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 25.07.2022 | — | — |

# एचएयू के छात्र वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में चयन

## दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे वत्सल

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी ऐंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र वत्सल अरोड़ा व अन्य अधिकारी।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने वत्सल अरोड़ा की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा है। इसी के परिणामस्वरूप यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले के अवसर मिलते हैं अपितु यहां के अनेक विद्यार्थी विदेशों में रोजगार प्राप्त कर अपनी योग्यता व दक्षता सिद्ध कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। गत तीन माह में उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वालों में वत्सल अरोड़ा 8वें विद्यार्थी हैं। इस अवसर पर डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा, डॉ. एम.एल. खिचड़, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 25.07.2022 | — | — |

# चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में हुआ चयन

समस्त हरियाणा न्यूज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विश्व प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों में एक और नाम जुड़ गया है। इस विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने वत्सल अरोड़ा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले के अवसर मिलते हैं अपितु यहां के अनेक विद्यार्थी विदेशों में रोजगार प्राप्त कर अपनी योग्यता व दक्षता सिद्ध कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कई इंटर-यूनिवर्सिटी फेस्ट में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। वत्सल ने आईईएलटीएस परीक्षा में आठ बैंड और जी.आर.ई. परीक्षा में 319 अंक प्राप्त किए हैं जिससे उपरोक्त विश्वविद्यालयों में उनकी उम्मीदवारी और भी मजबूत हुई है। वत्सल विश्व के बेहतरीन विश्वविद्यालय में अनुभव हासिल करके भारत में शिक्षक बनने की इच्छा रखते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा, एसोसिएट डीन डॉ. एम.एल. खिचड़, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 25.07.2022 | — | — |

## हिसार: एचएयू के छात्र वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में चयन

25 Jul 2022 16:08:15




उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वालों में वत्सल आठवें विद्यार्थी

विश्व में कृषि विज्ञान में अग्रणी विश्वविद्यालयों में शुमार एचएयू

हिसार, 25 जुलाई (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विश्व प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों में एक और नाम जुड़ गया है। इस विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सेंटर में दाखिला मिला है। वहां वह दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेगा।

वत्सल को कोपेहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने वत्सल अरोड़ा की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने सोमवार को कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा है। इसी के परिणामस्वरूप यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले के अवसर मिलते हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा, एसोसिएट डीन डॉ. एमएल खिचड़, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 25.07.2022 | | |

## समृद्ध भारत परिषद ने मनाया तीज महोत्सव



हिसार, 25 जुलाई : सामाजिक संस्था समृद्ध भारत परिषद ने सुर्या सेलिब्रेशन में तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में परिवार मिलन समारोह एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया। परिषद के अध्यक्ष विकास लाहौरिया ने बताया कि संस्था ने 20 विद्यार्थियों को शिक्षा के लिये गोद लिया। संस्था अब तक 41 विद्यार्थियों की शिक्षा ग्रहण करवाने का जिम्मा ले चुकी है। इस अवसर पर एचएयू के कुलपति डॉ. बलदेव राज कम्बोज व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि डॉ. नरेन्द्र महेता, डॉ. अमित जैन, डॉ. अरविंद गुप्ता, मोहित गुप्ता, प्रवीन जैन व सुरेन्द्र मित्तल रहे। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शाखा सचिव डॉ. राम राकेश ने आये हुए अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में शाखा कोषाध्यक्ष डॉ राहुल बंसल, संजीव शर्मा, विजय अग्रवाल, दीपक गुप्ता एडवोकेट, महिला अध्यक्ष अनुजा शर्मा, डॉ. अजित कुमार, दीपक शर्मा, अरूण गोयल, दीपक अग्रवाल, मनु गोयल सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 26.7.2022 | -- | -- |

दैनिक सवेरा
अंधेरे से उजाले की ओर... टाइम्स

# हकृवि के छात्र वत्सल का नीदरलैंड की यूनिवर्सिटी में हुआ चयन

● विश्व में कृषि विज्ञान में अग्रणी विश्वविद्यालयों में है शुमार



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र वत्सल अरोड़ा व अन्य अधिकारी।

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 25 जुलाई :चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विश्व प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले विद्यार्थियों में एक और नाम जुड़ गया है। इस विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के छात्र वत्सल अरोड़ा को कृषि विज्ञान में अग्रणी नीदरलैंड (यूरोप) की वागनिंगन यूनिवर्सिटी एंड रिसर्च सैंटर में दाखिला मिला है। वहां वे दो साल पादप विज्ञान में एमएससी डिग्री के लिए शिक्षा व शोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि वत्सल को कोपेनहेगन विश्वविद्यालय, स्वीडिश कृषि विश्वविद्यालय और स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में भी दाखिले के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने वागनिंगन यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड को चुना है।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा, एसोसिएट डीन डॉ. एम.एल. खिचड़, मीडिया एडवाइज़र डॉ. संदीप आर्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विज्ञान की समृद्ध परंपरा को मिल रहा बढ़ावा: कुलपति

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने वत्सल अरोड़ा की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विज्ञान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा है। इसी के परिणामस्वरूप यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए न केवल विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिलें के अवसर मिलते हैं अपितु यहां के अनेक विद्यार्थी विदेशों में रोजगार प्राप्त कर अपनी योग्यता व दक्षता सिद्ध कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा अपने उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों के कारण आज यह विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। इसलिए हर साल अनेक विदेशी विद्यार्थी शिक्षा के लिए यहां आ रहे हैं। उन्होंने बताया गत तीन माह में उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वालों में वत्सल अरोड़ा 8वें विद्यार्थी हैं।